गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में सातवें National Security Strategies Conference-2024 का उद्घाटन किया

प्रविष्टि तिथि: 13 SEP 2024 8:15PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में दो-दिवसीय National Security Strategies Conference - 2024 का उद्घाटन किया।

इससे पहले, गृह मंत्री ने शहीदस्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर आसूचना ब्यूरो के उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में आयोजित पुलिस महानिदेशकों / महानिरीक्षकों के वार्षिक सम्मेलन में लिए गए निर्णय पर अमल की दिशा में केन्द्रीय गृह मंत्री ने आज पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन की सिफारिशों के डैशबोर्ड का शुभारंभ किया। इस डैशबोर्ड को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) द्वारा विकसित किया गया है।

इस दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा की उभरती चुनौतियों के समाधान के लिए राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेशों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) और केन्द्रीय पुलिस संगठनों (CPOs) के शीर्ष नेतृत्व के साथ रोडमैप तैयार किया जाएगा।

National Security Strategies Conference के आयोजन की परिकल्पना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पुलिस महानिदेशकों / महानिरीक्षकों के सम्मेलन के दौरान की थी। इस सम्मेलन का उद्देश्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, cutting edge स्तर पर कार्यरत युवा पुलिस अधिकारियों और विशेषीकृत क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श के जरिए प्रमुख राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का हल प्राप्त करना है। वर्ष 2020 में आयोजित पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सम्मेलन को हाइब्रिड मोड में आयोजित करने का निर्देश दिया था।

इस दो दिवसीय सम्मेलन में पूरे देश से 750 से ज्यादा अधिकारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन को physical तथा virtual दोनों ही modes में एक मिश्रित रूप में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री नित्यानंद राय और श्री बंडी संजय कुमार, केन्द्रीय गृह सचिव श्री गोविंद मोहन, अतिरिक्त/उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों तथा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) एवं केन्द्रीय पुलिस संगठनों (CPOs) के प्रमुख भी भाग ले रहे हैं। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशकों, अग्रणी स्तर के युवा पुलिस अधिकारियों और विशेषीकृत क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों ने वर्चुअल mode के जरिए सम्मेलन में भाग लिया।

Amit Shah @AmitShah · Follow

Inaugurated the 7th National Security Strategies Conference-2024 in New Delhi today. In the two-day conference, will chalk out the roadmap to solutions to emerging national security challenges with the top police leadership of states, UTs, CAPFs, and CPOs.

In order to... Show more

7:26 PM · Sep 13, 2024

523 Reply Copy link

Read 41 replies

Amit Shah
@AmitShah · Follow

Laid a wreath and paid homage to the valorous martyrs who made the supreme sacrifice in the line of duty.

7:37 PM · Sep 13, 2024

589 Reply Copy link

Read 41 replies

*****

आरके / वीवी / आरआर / पीआर

(रिलीज़ आईडी: 2054745) आगंतुक पटल : 9

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English